जरूआपुर एवं कुंजवन पहुंचीं कलेक्टर, उन्नत खेती की सराहना की

नवभारत न्यूज

पन्ना, 7 जनवरी. कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा बुधवार को ग्राम जरूआपुर एवं कुंजवन का भ्रमण किया गया। यहां प्रगतिशील कृषकों द्वारा की जा रही उन्नत खेती का जिला कलेक्टर ने निरीक्षण किया और नवीन तकनीक एवं नवाचार के जरिए उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की सराहना की।

जरूआपुर में कृषक सुब्रत मलिक के खेत पर पहुंचकर टमाटर एवं बैगन के ग्राफ्टिंग विधि से उत्पादन को देखा और मटर एवं गोभी सहित मुनगा इत्यादि फसलों की जैविक खाद और उन्नत तकनीक एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से की जा रही खेती व कृषि कार्य को सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने उत्पादित सब्जियों के बाजार में विक्रय के संबंध में भी जानकारी ली। साथ ही विभिन्न किस्मों के देशी पैदावार तकनीक के बारे में पूछा।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने जरूआपुर में उपस्थित कृषि महाविद्यालय पन्ना की रावे योजना की छात्राओं से अध्ययन भ्रमण व प्रशिक्षण के दौरान फसल उत्पादन के सीखे गए तौर तरीकों के बारे में पूछा। कृषि स्नातक छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम जरूआपुर आवंटित किया गया है। बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्राओं ने जिला कलेक्टर के साथ ग्राफ्टिंग पद्धति से उद्यानिकी फसल पैदावार सहित मृदा परीक्षण, ड्रिप सेट ट्रेनिंग व किचन गार्डन संबंधी अनुभव साझा किए। विभिन्न किस्मों की वेरायटी व तकनीक के बारे में भी अवगत कराया। कलेक्टर ने कुंजवन में कृषक नारायण सरकार के खेत में आम तथा अन्य फसलों की विभिन्न प्रजातियों की ग्राफ्टेड तकनीक से उत्पादन के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सहित ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

विधायक ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल का किया वितरण

नवभारत न्यूज

गुनौर/पन्ना 7 जनवरी. विधानसभा क्षेत्र गुनौर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आज बैटरी चलित ट्रायसिकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दिव्यांग भाई-बहनों को आधुनिक ट्रायसिकल प्रदान की गई ताकि उनकी गतिशीलता बढ़ सके और वे आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन यापन कर सकें। वितरण के पश्चात उपस्थित अतिथियों ने दिव्यांगजनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। संवाद के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं को समझा गया और उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें विशेष रूप से एसडीएम गुनौर और जनपद सीईओ गुनौर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही भारतीय जनता पार्टी मंडल गुनौर के अनेक कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया। बैटरी चलित ट्रायसिकल पाकर दिव्यांगजनों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उत्तर पन्ना वन मंडल में अनुभूति शिविर का आयोजन

विद्यार्थियों ने सीखा प्रकृति संरक्षण का महत्व

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. मध्यप्रदेश वन विभाग की महत्वाकांक्षी एवं फ्लैगशिप योजना 'अनुभूति' के अंतर्गत 6 एवं 7 जनवरी को 'उत्तर पन्ना वन मंडल' में एक दिवसीय, दो शैक्षणिक शिविरो का सफल आयोजन डीएफओ उत्तर वन मंडल गर्वित गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति मे किया गया।

यह शिविर 'स्मृति वन, वन परिक्षेत्र विश्रामगंज, पन्ना' में आयोजित हुये, जिसमें ' प्रथम शिविर में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्सेहा पन्ना एवं द्वितीय शिविर में शासकीय माध्यमिक शाला सीनियर बेसिक क्रमांक 1 पन्ना एवं शासकीय माध्यमिक शाला बड़ा बाजार पन्ना' के कुल '120-120 विद्यार्थियों' ने भाग लिया। अनुभूति योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें प्राकृतिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करना तथा वनों, वन्यजीवों और जैव विविधता के प्रति जागरूक बनाना है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 125 विद्यार्थियों के एक बैच को वन क्षेत्र में लाया जाता है, जहाँ वे वन विभाग के अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स एवं अपने शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखते हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए 'नेचर ट्रेल' एवं 'बर्ड वॉचिंग' जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनसे छात्रों ने विभिन्न पौधों, पक्षियों और वन पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही 'पर्यावरण आधारित क्विज प्रतियोगिता, ''रोचक खेल' तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों ने छात्रों में उत्साह और जिज्ञासा को और बढ़ाया। विद्यार्थियों के लिए 'नाश्ता एवं दोपहर के भोजन' की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में 'रेंज अधिकारी नितिन राजोरिया' उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर वनों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर प्रकाश डाला। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर भवानी पटेल, शिक्षक रहे। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

पन्ना विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त हुए नवीन नाम जुड़वाने के लिए सर्वाधिक आवेदन

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के शेष चरण अंतर्गत आगामी 22 जनवरी तक नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

गत 23 दिसम्बर को सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत 6 जनवरी तक पन्ना जिले में कुल 5945 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने के लिए प्राप्त हो चुके हैं। अब तक पन्ना विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 2573 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त हुए, जबकि पवई विधानसभा में 1814 तथा गुनौर विधानसभा में 1558 मतदाताओं ने मंगलवार तक नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है। बीएलओ द्वारा जिले में नाम निरसन के लिए फॉर्म 7 में कुल 509 व संशोधन एवं शिफ्टिंग के लिए फॉर्म 8 में कुल 2010 आवेदन भी प्राप्त किए गए।

इंदौर दूषित पेयजल कांड से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने की मुआवजे की मांग

नवभारत न्यूज

सिमरिया/पन्ना 7 जनवरी. आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमरिया में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 18 लोगों की मृत्यु हो गई. 500 लोग बीमार हुए.

सरकार ने आज दिनांक तक मृत परिवारों को न कोई सहायता दीं एवं न सरकार ने अपनी जिम्मेवारी ली जिसके सम्बन्ध में आज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में सिमरिया में मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी एवं सरकार से उचित मुआवजे की मांग को कार्यक्रम में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष जीराबाई पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश चौरसिया कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, आई टी सेल प्रदेश सचिव सुदेश सोनी, इंदू यादव, कुसुम, रामजी चौरसिया, कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पटवारी पर गलत रिपोर्ट देकर जमीन बिकवाने का आरोप

शिकायत एसडीएम से

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 7 जनवरी. अजयगढ़ की वैश कीमती भूमि हमेशा भूमाफ्मिाओं के नजरों में रहती हैं यहां पर बंटन की भूमि जो क्रय विक्रय निषेध होती है उसके विक्रय का एक मामला सामने आया है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 1943/ 44 में खसरा नंबर 406 अस्तित्व में नहीं था परंतु शासन की योजनाओं में जीवका पार्जन करने के लिए सन 1984-85 में प्रकरण क्रमांक 58 /अ-19/85 86 दिनाक 1 मार्च 1986 के माध्यम से शासन की योजना के तहत केशरी पिता छोटे चमार को अपनी जीविका उपार्जन के लिए शासन द्वारा प्रदान की गई थी जो क्रय विक्रय से निषेध थी जिसका क्रय विक्रय नहीं किया जा सकता था इसके बाद उक्त जमीन बिना किसी सक्षम अधिकारी की मंजूरी के उक्त आरजी 406 /5 शंकर लाल रैकवार मोहनलाल रैकवार को विक्रय कर दी गई इसके बाद वर्ष 2021-22 में राजस्व प्रकरण क्रमांक 0366 /अ-6/2021-22 आदेश दिनाक 14/10/2021 एव 07081अ-6/2020-21 07771अ-6/2020-21 इसी तरह से लगभग 12 प्रकरण पूर्व तहसीलदार के समक्ष उस समय पदस्थ पूर्व पटवारी ने गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करके एवं गुमराह करके भ्रामक जानकारी दे करके अपनी रिपोर्ट के आधार पर बंटन की भूमि होना नहीं बताया तथा व्यवस्थापन का भी नहीं होना उल्लेख करके शासकीय आरजी खसरा नंबर 406/5 का नामांतरण करवा दिया जबकि उक्त भूमि बंटन में 1985 86 में प्राप्त हुई थी जबकि भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 1657 (वी) स्पष्ट रूप से उल्लंघन है इसके अलावा वर्तमान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार के पास भी न्यायालय में पूर्व हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण इस तरह के प्रस्तुत किए गए परंतु उन्होंने व्यवस्थापन की भूमि होने के कारण नामांतरण खारिज कर दिए।

इसी संबंध में अशोक द्विवेदी द्वारा एसडीम अजयगढ़ आलोक मार्को को एक शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिस संबंध में वर्तमान हल्का पटवारी दीपेंद्र तिवारी से संपर्क करने पर बताया गया कि उक्त संबंध में मुझे एसडीएम अजयगढ़ द्वारा पत्र दिया गया है खसरा नंबर 406/5 जिसके संबंध में जांच लगभग पूरी हो चुकी है कुछ पुराने दस्तावेज मिल जाए जांच अपनी अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित कर दी जाएगी।

इनका कहना हैं

एक शिकायती आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जिसको हल्का पटवारी को जांच के लिए दिया है पटवारी प्रतिवेदन आने के बाद सही पाए जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी

आलोक मार्को एसडीएम अजयगढ़

बंटन बंजर शासकीय भूमि आदि को मैं स्वयं मिसल रिकार्ड में देखता हूं इसके बाद ही उनका नामांतरण किया जाता है मेरे द्वारा बंटन की भूमि के नामांतरण खारिज किए गए हैं।

सुरेंद्र कुमार तहसीलदार अजयगढ़

गुनौर विधायक ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने बुधवार को जनपद पंचायत गुनौर के सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस मौके पर गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक डॉ. वर्मा ने जनपद क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित नियमों, सीमावली एवं समय सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जनहितैषी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध निराकरण करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचना चाहिए। बैठक में कुछ विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आगामी समीक्षा बैठक में कार्यों के मूल्यांकन व जांच की बात भी कही।

एक लाख 3 हजार से अधिक बिल बकाया होने पर काटा गया था कनेक्शन

▶ रिश्वत का आरोप निराधार

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. पन्ना नगर के आगरा मोहल्ला निवासी शबरीन खातून का घरेलू विद्युत कनेक्शन सर्विस क्रमांक 1427016379 को विद्युत कंपनी के अधिकारियों द्वारा विद्युत बिल की बकाया राशि एक लाख 3 हजार 649 रूपए भुगतान के लिए लंबित होने पर गत 24 नवम्बर को विद्युत कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने की कार्रवाई की गई थी।

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि शबरीन खातून द्वारा गत जनसुनवाई में पन्ना शहर वितरण केन्द्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता राहुल चौरसिया को बकाया बिजली बिल के निराकरण के लिए 60 हजार रूपए रिश्वत देने का फर्जी आरोप भी लगाया गया था। जांच उपरांत पाया गया कि महिला शिकायतकर्ता शबरीन खातून द्वारा परिसर की विद्युत बिल की बकाया राशि का भुगतान 22 दिसम्बर 2021 से नहीं किया गया है। गत 27 दिसम्बर को कनिष्ठ अभियंता राहुल चौरसिया टीम के साथ शिकायतकर्ता के परिसर में स्थापित मीटर की जांच करने पहुंचे। यहां विद्युत चोरी प्रमाणित पाए जाने पर वीडियोग्राफी भी करवाई गई। परिसर में विद्युत कनेक्शन जुम्मन खान के नाम से पाया गया। इनके द्वारा मीटर के इनकमिंग प्वाइंट से दो सफेद रंग के तार लगाकर डायरेक्ट कर बिजली का चोरी से उपयोग किया जा रहा था। मौके पर शिकायतकर्ता एवं उसके पति द्वारा विवाद करने पर कनिष्ठ अभियंता द्वारा डायल 112 पर फोन किया गया। साथ ही थाना कोतवाली पन्ना में भी शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शबरीन खातून द्वारा विभाग की कार्यवाही से बचाव के लिए कूटरचित घटनाक्रम संबंधी झूठी शिकायत जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के समक्ष की गई।

कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को शहर के निरपत सागर तालाब स्थित जल शोधन संयंत्र और ओएचटी एवं इंटेकवेल का निरीक्षण कर शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए स्थापित नेटवर्क व्यवस्था का जायजा लिया।

अमृत 2.0 मिशन के तहत निर्माणाधीन स्ट्रक्चर और फिल्टर प्लांट भी देखा तथा पानी के स्त्रोत व प्लांट की क्षमता तथा कव्हरेज क्षेत्र की जानकारी भी ली। साथ ही पानी के शुद्धीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन कर व्यवस्थित रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद पन्ना के सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर को ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए वॉटर सप्लाई स्कीम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अमन इन्टरप्राइजेज एवं तत्कालीन इंजीनियर पीएचई के विरुद्ध ईओडब्लू में अपराध पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 जनवरी. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सागर में आवेदक सम्यक जैन एवं मनन अग्रवाल द्वारा अनावेदक तत्कालीन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड दमोह के विरूद्ध मेसर्स अमन इन्टरप्राइजेज पन्ना को फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में शिकायत की थी।

शिकायत आवेदन पत्र की जांच में मेमर्स अमन इन्टरप्राइजेज को फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र जारी करना पाए जाने से तत्कालीन कार्यपालन यंत्री व फर्म के प्रोपराइटर अमन ओमरे के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ईओडब्ल्यू सागर द्वारा की गई जांच में पाया गया कि जिला दमोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी टेंडर क्रमांक 31/21-22 उमापति ड्रिलर्स को प्राप्त हुआ। फर्म द्वारा कार्य पूर्ण करने पर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र मेसर्स उमापति ड्रिलर्स को जारी किया गया था। इसके विपरीत तत्कालीन कार्यपालन यंत्री एम. के. उमरिया द्वारा वर्ष 2022 में टेंडर प्राप्तकर्ता फर्म से भिन्न फर्म मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया।

मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कोई भी टेंडर प्राप्त नहीं किया गया था एवं न ही किसी प्रकार का अनुबंध किया गया। मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस द्वारा इस फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र का उपयोग पन्ना जिले में टेंडर प्राप्त करने के लिए किया गया। इस प्रकार तत्कालीन कार्यपालन यंत्री द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए षडयंत्रपूर्वक मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस के प्रोप्रराइटर अमन ओमरे के साथ मिलकर मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया, जबकि उक्त टेंडर उमापति ड्रिलर्स को प्राप्त हुआ था व कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र भी उमापति ड्रिलर्स को जारी किया गया था।

जांच उपरांत आरोपियों एम.के. उमरिया तत्कालीन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड दमोह, अमन ओमरे प्रोप्रराइटर मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस पन्ना एवं मेसर्स अमन इन्टरप्राईजेस, अजयगढ़ चौराहा पन्ना के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 420, 120 बी भादवि एवं धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान अन्य व्यक्तियों की भूमिका आने पर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

थाना परिसर में हुई मकर संक्रांति मेले को लेकर शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 7 जनवरी. थाना परिषद अजयगढ़ में मकर संक्रांति के मेले को लेकर शांति समिति के बैठक आयोजित की गई.

एसडीएम आलोक मार्को नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता थाना प्रभारी वखत सिंह की उपस्थिति में सभी शांति समिति के सदस्यों द्वारा मेला जो अजयगढ़ क्षेत्र का ऐतिहासिक प्रसिद्ध स्टैंड समय से मेला लगता है के बारे में चर्चा की गई सबसे पहले अजय पाल महाराज की मूर्ति समय से पहाड़ के ऊपर बने मंदिर में पहुंचने की पुरातत्व विभाग को जिम्मेदारी सौंप गई मंदिर की साफसफाई पुताई एवं मंदिर परिसर के आसपास की साफसफाई मंदिर के सामने बने तालाब में जलकुंभी होने से पानी हरा-हरा है जिसकी साफ सफाई एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की भी बात शांति समिति में हुई रास्ते को डाइवर्ट करने भीड़ अधिक होने पर नियंत्रित करने एवं बाहर से आई श्रद्धालुओं को सरलता से अजय पाल के दर्शन करने की बात हुई। पूरा मेला बड़ी फ्रिल्ड में लगाया जाएगा जहां नगर परिषद द्वारा दुकान बनाकर एवं खुली दुकान भी दुकानदारों को उपलब्ध कराई जाएंगी दुकाने तीन तरह की होगी छोटी उससे बड़ी और सबसे बड़ी दुकान टीन सेट लगाकर तैयार की जाएंगी बाहर से आए दुकानदारों को उपलब्ध कराई जाएंगे। मेले में अस्थाई रूप से एक बस स्टैंड बनाया जाएगा जो माधवगज रोड में स्थित रहेगा। मेले में वाहन प्रतिबंधित रहेंगे इनके पार्किंग स्थल बनाए गए हैं पन्ना रोड में विटरनरी अस्पताल के सामने एवं अजय पाल स्टेडियम राजापुर बरियारपुर रोड में बजराजन देवी मंदिर के समीप बरियारपुर रोड में तहसील रोड पर स्थित मैदान में पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे जहां पर दो पहिया चार पहिया वाहन खड़े रहेंगे मेले में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मेले में पार्किंग स्थलों व बड़ी फ्रील्ड आम रास्तों सार्वजनिक चौराहा में नगर परिषद द्वारा ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी मेला प्रांगण मैले रास्ता में विद्युत व्यवस्था पर्याप्त रहेगी जहां से अजय पाल के लिए के लिए श्रद्धालु चढ़ाएंगे रास्तों में खड़े चार पहिए वाहन हवा जाएंगे एवं रास्तों में पड़ा निर्माण कार्य का मटेरियल भी हटवाया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा महसूस ना हो और भीड़ की स्थिति ना बने। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे मेला परिसर में पॉइंट ड्यूटी लगाई जाएगी एवं रास्तों में मोबाइल पुलिस ड्यूटी लगाई जाएगी किले के ऊपर भी पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी खास करके गेट नंबर 1 से 3 तक किले में जहां अधिक भीड़ होती है वहां पर पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पॉइंट ड्यूटी में मौजूद रहेगी। इस बैठक में संजय सुजय सुल्झेरे, सुरेश यादव, बृजेंद्र तिवारी, भविष्य खरे, प्रमोद तिवारी, सदर अब्दुल सलीम, शीलू श्रीवास्तव, वीरेंद्र गुप्ता, अजीम अहमद, रईस सौदागर सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

पन्ना. आगामी 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए गुरूवार, 8 जनवरी को आवश्यक तैयारियों एवं रूपरेखा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से होगी। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।